संक्षिप्त समाचार

पुलिस ने ऑनलाइन ठगी के 18 हजार रुपए कराए वापस

जहांगीराबाद। नगर क्षेत्र के गांव चाकला निवासी अनुष्का राधव पुत्री रविन्द्र कुमार ने 21 फ़रवरी को यूपीआई एप्प के माध्यम से 18, हजार रुपये काटे जाने के संबंध में थाना जहांगीराबाद पर एक सूचना दी थी। सूचना पर थाना साईबर टीम के द्वारा 1930 (साईबर क्राईम हैल्पलाईन) शिकायत दर्ज कराई गयी। थाना जहांगीराबाद साइबर हैल्प डेस्क द्वारा कार्यवाही करते हुए आवेदिका के 18 हजार रुपये वापस कराये गये। रुपये वापस मिलने पर अनुष्का ने पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की है।

युवक ने गोली मारकर की आत्महत्या

शिकारपुर। कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत गांव समनपुर में बीती रात सदिग्ध परिस्थितियों में युवक उमेश कुमार 24 पुत्र सुखवीर ने अपने घर में गोली मार कर आत्महत्या कर ली वहीं घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में ले लिया है पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया पुलिस इसकी जांच करने में जुट गई है। खबर लिखे जाने तक पीड़ित की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है ।

पंचायतों में लगी 32 ग्राम चौपाल

बुलन्दशहर। जनपद में आयोजित 32 ग्राम चौपालों में कुल 267 ग्राम स्तरीय व विकास खंड स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जनपद में ग्राम चौपाल के दौरान कुल 2369 ग्रामीणों द्वारा प्रतिभाग किया गया तथा 82 शिकायतें उपलब्ध कराई गई। ग्राम चौपाल में प्राप्त 82 शिकायतों के सापेक्ष 79 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, शेष 03 शिकायतों को समयान्तर्गत निस्तारित करा दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त जनपद स्तरीय व विकास खण्ड स्तरीय व ग्राम पंचायत स्तरीय अधिकारियों द्वारा ग्राम चौपाल के दौरान 63 परियोजनाओं का निरीक्षण भी किया गया।

मुस्लिम के मकान में बन रहा था ब्रांडेड कंपनियों का नकली शैंपू, तीन गिरफ्तार

मौके से ढाई हजार से अधिक शैंपू की बोतल बरामद

स्वदेश संवाददाता ■ आगरा

छापे में भारी मात्रा में पकड़ा गया शैम्पू।

ट्रांस यमुना पुलिस थाना क्षेत्र में ब्रांडेड कंपनी के नाम से नकली शैंपू बनाए जा रहे थे। केमिकल से शैंपू बनाकर ब्रांडेड कंपनियों के डिब्बों में पैक कर आगरा और आसपास के बाजारों में धड़ल्ले से बेचा जा रहा था। पुलिस ने क्षेत्र के चंदन नगर में एक गोदाम में छापा मारकर भारी मात्रा में नकली शैंपू बरामद किया। मौके से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

चंदन नगर में असलम नाम के व्यक्ति के मकान में ब्रांडेड कंपनियों के नकली शैंपू बनाने का काम काफी समय से किया जा रहा था। शैंपू बनाने वाली कंपनियों को इस बारे में शिकायत मिल रही थी। जिसके बाद कंपनी के कर्मचारी कई दिन से गोदाम की रेकी करने में लगे हुए थे। इसके बाद कर्मचारियों ने थाना ट्रांस यमुना पुलिस को इस मामले की जानकारी दी और पुलिस को साथ लेकर गोदाम पर छापामार कार्रवाई कर दी।

थाना पुलिस को और कंपनी के कर्मचारियों को मौके पर करीब ढाई हजार शैंपू की बोतल मौजूद मिली। जिनमें अधिकतर में शैंपू भरे जा चुके थे। इसके अलावा 100 से 150 खाली डिब्बे भी बरामद हुए। वहीं पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह ब्रांडेड कंपनियों की शैंपू की खाली बोतल कबाड़े से लेकर आते थे और यहां आकर गोदाम में केमिकल से नकली शैंपू तैयार करते थे।

पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल

शिकारपुर । एक मौहल्ले का लड़का ने अपनी पडोस में रह रही महिला के साथ दो साल से दुष्कर्म कर रहा था महिला मानसिक स्थिति से कमजोर है पीडिता अपने परिवार के साथ मायके में अपना जीवन बिता रही थी पीड़िता के पिता मजदूरी करने चले जाते थे तब पीड़िता के पड़ौस मे रहने वाला दुलित पुत्र धर्मपाल निवासी मौहल्ला मुफ्तीवाड़ा अक्सर घर आया जाया करता था मौहल्ले वालों ने बताया तो पीडिता के परिजनों को कोई शक व्यक्त नहीं हुआ क्योंकि दुलित पीड़िता को दीदी कहता रहता था एक दिन पीड़िता अकेली थी तब दुलित पीड़िता के घर में घुस आया और पीडिता के साथ जबरदस्ती बलात्कार किया पीड़िता की मानसिक स्थिति ठीक न होने के कारण बह विरोध भी न कर सकी व किसी को बता भी नही सकी ।

खेल :लौट चलो बचपन की ओर

सम्मानित करते पूर्व आई जी केपीसिंह

स्वदेश संवाददाता ■ डिबाई

एडवोकेट के पी सिंह पूर्व महानिरीक्षक ने आयोजित कराया अनोखा खेल कि लौट चलो बचपन की ओर इस खेल मे सभी उम्र के लोगों ने भाग लिया व विजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया इसी मोंके पर नवचयनित मण्डल अधियाक्षों का स्वागत किया गया श्री विकास वार्षणे मण्डल अधियाक्ष व श्री उमेश शर्मा मण्डल अधियक्ष ने लोगों के लिए स्वस्थ रहने का खेल अच्छा जरिया है बताया इसी मोंके पर गुरू जनों का सम्मान भी किया गया और गुरुओं ने अच्छे समाज की परिकल्पनाओं केसाथ आशीर्वाद दिया तथा अन्तमें होली मिलन के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

पिछले साल की अपेक्षा आलू की पैदावार में गिरावट

आलू में आई गिरावट को लेकर आपस में बातचीत करते किसान।

> मैंने 90 बीघा आलू की फसल लगाई है, जिसमें 40 से 45 कट्टे का बीघा आलू निकल रहा है। पिछली साल 60 से 65 कट्टे का बीघा निकला था। इस बार कोल्ड स्टोरेज भी भर जाएं तो बड़ी बात है। बंपर आलू का भाव खेत से ही 700 के आस पास बिक रहा है। 60 कट्टे प्रति बीघा पैदावार की अपेक्षा इस बार 40 से 45 कट्टे का निकल रहा है। इस बार 15 से 20 फीसदी गिरावट से किसान परेशान हैं।
>
> -राजेश प्रताप सिंह, किसान, डौरी।

> इस साल 30 बीघा आलू लगाया था, लेकिन मौसम के उतार चढ़ाव की वजह से पैदावार में गिरावट आई है। इससे रेट अच्छे मिलने की संभावना बनी हुई है।- सचिन प्रताप सिंह, किसान, गढ़ी पुरानी।

> इस साल 60 बीघा आलू की फसल की लागत भी काफी अच्छी लगाई लेकिन आलू की पैदावार 20 से 25: कमी आई है किसानों के लिए अच्छी खबर भी है कि खेत से ही व्यापारी 600 से 700 तक मांग रहे हैं। - अवधेश प्रताप सिंह, किसान, खेरिया खुर्द।

खराब मौसम बना किसानों के लिए सरदर्द

स्वदेश संवाददाता ■ टूंडला

इस साल आलू की पैदावार में गिरावट को देखकर किसान बहुत परेशान हैं। फिरोजाबाद जिले में इस बार आलू की पैदावार में 15 से 20 प्रतिशत की कमी देखने को मिल रही है, जिससे किसान भाइयों के चेहरे पर चिंता की लकीरें साफ देखी जा सकती है।ग्रीन लैंड एग्री मार्केटिंग कंपनी के कृषि सलाहकार सौरभ गोस्वामी ने बताया है कि इस बार मौसम फसल के लिए अनुकूल नहीं रहा, क्योंकि जनवरी के महीने में फसल को धूप न मिलने के कारण जो ट्यूमर बना इसलिए आलू का साइज नहीं बढ़ा है। इससे पैदावार पर अंतर देखने को मिल रहा है। आलू की बुवाई अक्टूबर महीने की है। उसमें आलू कम प्रभावित हुआ है जहां पिछली साल की अपेक्षा आलू की पैदावार में 15 से 20 प्रतिशत कमी देखने को मिल रही है।

सरस्वती शिशु मंदिर में पांचवी कक्षा के छात्रों को दी विदाई

समारोह में खुशी मनाते छात्र-छात्राएं।

स्वदेश संवाददाता ■ जहांगीराबाद।

नगर में सरस्वती शिशु मन्दिर के प्रांगण में फेयरवेल समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा पंचम के सभी भैया-बहिनों को विदाई दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय समिति के वरिष्ठ सदस्य राकेश कुमार, विद्यालय के कोषाध्यक्ष पवन कुमार वार्ष्णेय, विद्यालय के व्यवस्थापक राजेन्द्र प्रसाद व डॉ नीरज अग्रवाल के द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुभारंभ किया। कायर्क्रम में कक्षा चतुर्थ व पंचम के सभी भैया-बहिनों ने प्रेरणादायक उद्बोधन के साथ-साथ भजन, राम अयेगे- दुनिया मे फिर से हम भगवा लहराएगे पर बहुत ही सुंदर प्रस्तुती दी। विद्यालय प्रांगण में उपस्थित सभी समिति के सदस्य व आगंतुक बन्धुओ के साथ-साथ सभी आचार्य व अथिति भाव विभोर हो गये। विद्यालय समिति के सदस्य डॉ. नीरज कुमार अग्रवाल ने इस अवसर पर नन्हे -मुन्ने भैया-बहिनों को अपने संबोधन से भाव विभोर कर दिया ओर अपने भविष्य निर्माण के लिए लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के व्यवस्थापक राजेन्द्र प्रसाद ने सभी को लगातार परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। अंत मे विद्यालय के प्रधानाचार्य बलबीर सिंह ने कार्यक्रम में आये सभी आगंतुक बन्धुओ, समिति के सभी पदाधिकारीयों व अलका, रिंकू एवं संचालन कर्त्ता गीतू व समस्त स्टाफ तथा को विद्यालय परिवार की तरफ से हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

विप्रा ने अवैध प्लाटिंग को किया ध्वस्त

बुलन्दशहर। बुलन्दशहर विकास क्षेत्रान्तर्गत बुलन्दशहर में बुलन्दशहर विकास प्राधिकरण के सचल प्रवर्तन दल के द्वारा ग्राम चन्देस जिला कारागार से सौ मीटर आगे सिकन्द्राबाद देहात मौध साजिद द्वारा लगभग पंद्रह से बीस बीघा भूमि पर अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। उक्त अवैध निर्माण को बुलन्दशहर विकास प्राधिकरण के सक्षम प्राधिकारी सहायक अभियन्ता,अवर अभियन्तागण एवं अन्य सहायक स्टाफ द्वारा एवं डेडीकेटिड फोर्स एवं स्थानीय पुलिस बल की उपस्थिति में ध्वस्त किया गया। ध्वस्तीकरण अभियान सक्षम प्राधिकारी के कुशल नेतृत्य में निरन्तर चलाया जा रहा है। प्राधिकरण के सक्षम प्राधिकारी संतोष कुमार द्वारा बताया गया कि सीलिंग और ध्वस्तीकरण अभियान अनवरत जारी रहेगा। प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने जनता से अपील की है कि यह बिना मानचित्र स्वीकृति के कोई निर्माण न करें। इस संबंध में समस्त जानकारी प्राधिकरण के हेल्पलाईन नम्बर 8191978666 पर भी प्राप्त की जा सकती है।

लैदर इंस्टीट्यूट में प्रवेश 4 मार्च से, 16 मार्च से परीक्षा

आगरा। राजकीय चर्म संस्थान(गर्वमेंट लैदर इंस्टीट्यूट) में तीन वर्षीय डिप्लोमा के लिए प्रवेश 4 मार्च से शुरू हो रहे हैं। प्रवेश जेईई के जरिए होंगे। अभ्यर्थी आवेदन ऑनलाइन भी कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा 16 से 22 मार्च से होगी। राजकीय चर्म संस्थान के प्रिंसीपल डॉ. एसएच अब्बास ने बताया कि नुनिहाई में राजकीय चर्म संस्थान में विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यकमों में दाखिले के लिए होने वाली पॉलिटेक्निक यूपी संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2024 (जेईई) में शामिल होने के लिये अभ्यर्थी 4 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन जेईईसीयूपी की वेबसाइट पर कर सकते हैं। जेईई के जरिये जनपद में स्थित राजकीय चर्म संस्थान में तीन वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यकमों में प्रवेश होगें। प्रवेश परीक्षा में 10वीं परीक्षा देने वाले और पास हो चुके अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं।

सूचना

मेरे भारतीय स्टेट बैंक के खाते में मेरा नाम विद्युत देवी है जो की गलत है जबकि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड में मेरा नाम विद्युत कुमारी (VIDHAUT KUMARI) है जो सही है और मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाता है। विद्युत कुमारी पत्नी श्री धीरी सिंह निवासी कजरौठी, सादाबाद (हाथरस)

सूचना

मेरे बैंक खाते में मेरा नाम राकेश कुमार है जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम राकेश गौतम है। ये दोनों ही नाम मेरे हैं और मुझे इन दोनो नामों से ही जाना पहचाना जाता है। राकेश गौतम पुत्र श्री वेदराम निवासी सरमस्तपुर पोस्ट करकौली, सादाबाद (हाथरस)।

एस0एस0 डिग्री कॉलेज

शमशाबाद आगरा (कॉलेज कोड-308)

आवश्यकता है

बी.एड.पाठ्यक्रम हेतु एन.सी.टी.ई. रेगूलेशन 2014 के अनुसार प्रवक्ताओं की 1. प्रिंसिपल/विभागाध्यक्ष-01, 2. शिक्षा में परिप्रेक्ष्य/शिक्षा के आधार-03, 3.विज्ञान-02 4.मानविकी और समाज विज्ञान-02, 5.गणित-02, 6.भाषाएं-03, 7.ललित कलाएं/निष्पादक कलाएं-01, 8.संगीत-01, 9.स्वास्थ्य और शारीरिक शिक्षा-01

योग्यता एवं वेतनमान

एन.सी.टी.ई. व राज्य सरकार/UGC के नियमानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण-पत्रों की छायाप्रति डाक द्वारा 7 दिन के अन्दर कॉलेज कार्यालय में प्रेषित करें।

सचिव-9045000657

आम सूचना

अधोहस्ताक्षरी अपने पक्षकार ''सत्या माइक्रो हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड'' मथुरा की ओर से सूचना देता हूँ। असल बैनामा दिनांक 31.05.2021 पंजीकृत दिनांक 10.06.2021 जो कि श्रीमती गायत्री देवी पत्नी श्री राममूर्ति गौतम द्वारा श्रीमती राजवंती पत्नी श्री मुन्ना के हक में विक्रय किया। जिसका पंजीकरण सब-रजिस्ट्रार मथुरा में बही संख्या 01 जिल्द संख्या 16617 प्रष्ठ संख्या 205-218 दस्तावेज संख्या 8896 पर पंजीकृत है। जिसका क्षेत्रफल 89.53 वर्ग मीटर है, उपरोक्त असल बैनामा कृष्णा नगर से होली गेट जाने के दौरान कहीं गिर गया था। जिसकी प्राथमिकी रिपोर्ट दर्ज कराई जा चुकी है। अब ''सत्या माइक्रो हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड'' से लोन दिया जा रहा है। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह ''सत्या माइक्रो हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड'' के अधिवक्ता रामबाबू शर्मा एडवोकेट निवासी 51 बी/3 कृष्णा नगर मथुरा, मोबाइल नंबर 9639939911 पर अपनी आपत्ति 07 दिन के अंदर दी जा सकती है। अन्यथा ''सत्या माइक्रो हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड'' द्वारा उपरोक्त असल बैनामा के आधार पर लोन कर दिया जाएगा।
दिनांक 01.03.2024
रामबाबू शर्मा (एडवोकेट)

हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड

HINDUJA HOUSING FINANCE

कॉर्पोरेट कार्यालय : 167-169, द्वितीय तल, लिटिल माउंट, सैदापेट, चेन्नई-600015
शाखा कार्यालयः 203, दूसरी मंजिल, पदम बिजनेस पार्क आवास विकास, आगरा-282007

ई-नीलामी सह बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना (परिशिष्ट-IV A) (नियम 8(6))

हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एचएचएफएल) जिसका कॉर्पोरेट कॉर्या : 167–169, द्वितीय तल, लिटिल माउंट, सैदापेट, चेन्नई – 600015 और शाखा कार्यालयः 203, दूसरी मंजिल, पदम बिजनेस पार्क आवास विकास, आगरा–282007, को बंधक रखी गई अचल संपत्ति की बिक्री, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसके बाद 'अधिनियम') के तहत। जबकि एचएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी (''एओ'') ने अधिनियम की धारा 13(2) के तहत जारी नोटिस के अनुसार निम्नलिखित ऋण खातों/संभाव्य सं. में निम्नलिखित संपत्ति को बेचने के अधिकार के साथ कब्जा कर लिया था। बकाया राशि की वसूली हेतु **'जैसा है, जहां है, जो कुछ भी है** के आधार पर बेचा जा रहा है। बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट **https://bankauctions.in/.** पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाएगी।

ई-नीलामी की तिथि/समयः 03.04.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक
ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 01.04.2024 को अपराह्न 05.00 बजे तक
सम्पत्ति का निरीक्षण की तिथि 30.03.2024 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 05.00 बजे तक

क्र. सं.	कर्जदार(रों)/ सह-कर्जदार(रों)/ गारंटर(रो) का नाम/	धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस की तिथि और राशि	अचल सम्पत्तियां /प्रतिभूति आस्तियों का विवरण	कब्जे की स्थिति और तिथि	आरक्षित मूल्य (आरपी) जमा धरोहर राशि (ईएमडी) आरपी का 10 प्रतिशत बोली वृद्धि राशि
1	1. श्री अभिषेक सिंह (उधारकर्ता) 2. श्रीमती ऋचा (सह-उधारकर्ता)	31-12-2022 रु. 2399235/- अतिरिक्त अतिदेय शुल्क और अतिरिक्त ब्याज के साथ रु. 23.99.235/- दिनांक 31.12.2022 तक कुल बकाया राशि	क्षेत्रफल 72 वर्ग मी.. रिहायशी मकान नं. बी-1/126, कालिंदी विहार, मौजा नरायच तहसील एत्मादपुर जिला आगरा में स्थित, चौहद्दीः 1. पूरब में – 6.0मी. चौड़ी रोड 2. पश्चिम में – बी टाइप प्लॉट 3. उत्तर में – प्लॉट नं. 127, 4. दक्षिण में – प्लॉट नं. 125 **भुगतान का प्रकारः–** **सभी भुगतान हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट या NEFT/RTGS/IMPS के माध्यम से एचडीएफसी, बैंक खाता सं.HHFLTDUPLKNAGRAA18, IFSC कोड:-HDFC0004989 में किया जाएगा।**	15-12-2023	₹ 15,30,000/- ₹ 1,53,000/- ₹ 10,000/-

ऑनलाइन ई-नीलामी बिक्री के नियम और शर्तें: –

1. संपत्ति को **''जैसा है, जहां है, जो कुछ भी है और बिना किसी दायित्व रहित''** आधार पर बेचा जा रहा है। इस तरह की बिक्री किसी भी प्रकार की वारंटी और क्षतिपूर्ति के बिना है।
2. संपत्ति / परिसंपत्तियों का विवरण (अर्थात् ई-नीलामी बिक्री नोटिस में निर्दिष्ट सीमा और माप को सुरक्षित लेनदार की सर्वोत्तम जानकारी के लिए कहा गया है और सुरक्षित लेनदार किसी भी त्रुटि, गलत-बयान या चूक हेतु उत्तरदायी नहीं होगा। वास्तविक मौजूदा और मापन अलग-अलग हो सकते हैं।
3. सुरक्षित लेनदार द्वारा जारी ई-नीलामी बिक्री नोटिस आम जनता को अपनी बोलियां जमा करने के लिए एक निमंत्रण है और इसे सुरक्षित लेनदार की ओर से कोई प्रतिबद्धता या कोई प्रतिनिधित्व नहीं माना जाएगा। इच्छुक बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे सुरक्षित लेनदार के साथ शीर्षक विलेखों की प्रतियों का उपयोग करें और बोलियां प्रस्तुत करने से पहले संपत्ति / परिसंपत्तियों और दावों / देय राशियों के स्वामित्व और वर्तमान स्थिति के बारे में स्वयं की स्वतंत्र पूछताछ / उचित परिश्रम करें जो संपत्ति को प्रभावित करते हैं।
4. नीलामी/बोली केवल वेबसाइट **https://bankauctions.in/** के माध्यम से ''ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक मोड'' या सेवा प्रदाता **मैसर्स 4 क्लोज़र** द्वारा प्रदान की गई नीलामी के माध्यम से होगी, जो नीलामी की पूर्ण प्रक्रिया को ई-नीलामी मंच द्वारा व्यवस्थित और समन्वयित करेगा।
5. बोलीदाता अपनी पसंद के स्थान से बोली लगाने के लिए ई-नीलामी में भाग ले सकते हैं। इंटरनेट कनेक्टिविटी खुद बोली लगाने वाले को सुनिश्चित करनी होगी। सुरक्षित लेनदार/सेवा प्रदाता को इंटरनेट कनेक्टिविटी, नेटवर्क समस्याओं, स्वयं के सिस्टम क्रैश, बिजली की विफलता आदि के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जाएगा।
6. विवरण, सहायता, प्रक्रिया हेतु तथा ई-नीलामी पर ऑनलाइन बोली लगाने वाले संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता **मैसर्स 4 क्लोजर, 605ए, छठी मंजिल, मैत्रीवनम कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, अमीरपेट, हैदराबाद – 500038 (संपर्क व्यक्तिः श्री उत्कर्ष आदेश, फोन नं. 9515160064 ईमेल adesh@bankauctions.in** और सहायता ईमेल **info@bankauctions.in** और मोबाइल नंबर 8142000066 से संपर्क कर सकते हैं। ई-नीलामी बिक्री में भाग लेने के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को अपना नाम **https://bankauctions.in/** पर पहले से पंजीकृत कर लेना चाहिए और यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करना चाहिए। इच्छुक बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे सेवा प्रदाता से पासवर्ड प्राप्त करने के तुरंत बाद ही उसे बदल दें।
7. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को ''हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड'' के पक्ष में Demand Draft/NEFT/RTGS/IMPS के माध्यम से आरक्षित मूल्य (जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है) का 10 प्रतिशत की वापसी योग्य बयाना जमा (ईएमडी) **01.04.2024** तक या उससे पहले जमा करना होगा।
8. इच्छुक बोलीदाताओं को विधिवत भरा हुआ बोली फॉर्म (**https://bankauctions.in/** पर उपलब्ध प्रारूप), हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, 203, दूसरी मंजिल, पदम बिजनेस पार्क आवास विकास, आगरा–282007 के प्राधिकृत अधिकारी को संबोधित सीलबंद लिफाफे में ईएमडी प्रेषण के साथ डिमांड ड्राफ्ट जमा करना होगा। संपत्ति के लिए ऋण खाता नं. (जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है) में ई-नीलामी बिक्री में भाग लेने के लिए मुहरबंद कवर को बोली के साथ लिखा जाना चाहिए (जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है)
9. ईएमडी के साथ बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि की समाप्ति के बाद, प्राधिकृत अधिकारी उसके द्वारा प्राप्त बोलियों की जांच करेगा और योग्य बोलीदाताओं के विवरण की पुष्टि करेगा (जिन्होंने आरक्षित मूल्य के ऊपर और ऊपर अपनी बोलियां उद्धृत की हैं और निर्दिष्ट ईएमडी का भुगतान सुरक्षित लेनदार) सेवा प्रदाता **मैसर्स 4 क्लोज़र** को ई-नीलामी बिक्री नोटिस में उल्लिखित तिथि और समय पर केवल उन बोलीदाताओं को ऑनलाइन इंटर-से बोली/नीलामी कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति देने के लिए सक्षम बनाता है।
10. योग्य बोलीदाताओं के बीच परस्पर बोली योग्य बोलीदाताओं द्वारा उद्धृत उच्चतम बोली से शुरू होगी। परस्पर बोली की प्रक्रिया के दौरान, प्रत्येक ''10'' मिनट का असीमित विस्तार होगा, अर्थात ई-नीलामी का अंतिम समय स्वचालित रूप से प्रत्येक बार 10 मिनट तक बढ़ाया जाएगा यदि बोली अंतिम विस्तार से 10 मिनट के भीतर की जाती है।
11. एक बार की गई बोलियों को रद्द या वापस नहीं लिया जाएगा। बोलीदाता को दी गई यूजर आईडी से की गई सभी बोलियां उसके द्वारा अकेले की गई समझी जाएंगी।
12. सफल बोलीदाता बिक्री के उसी दिन बोली राशि (ईएमडी सहित) का 25% और शेष बोली राशि का 75% DD/Pay order/NEFT/RTGS/IMPS द्वारा हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पक्ष में बिक्री की तारीख से 15 दिनों के भीतर जमा करेगा।
13. सफल बोलीदाता/नीलामी क्रेता द्वारा निर्धारित समय के भीतर उपरोक्त निर्धारित राशि के भुगतान में चूक के मामले में, बिक्री रद्द कर दी जाएगी और पहले से भुगतान की गई राशि (ईएमडी सहित) को जब्त कर लिया जाएगा और संपत्ति को फिर से बिक्री के लिए रखा जाएगा।
14. सफल बोलीदाता के अनुरोध पर, प्राधिकृत अधिकारी अपने पूर्ण विवेक से बोली राशि की शेष राशि जमा करने के लिए लिखित रूप में और समय दे सकता है।
15. सफल बोलीदाता टीडीएस (बिक्री से बाहर) के लिए बिक्री मूल्य का 1% का भुगतान करेगा और अधिकृत अधिकारी को टीडीएस प्रमाण पत्र जमा करेगा और ईएमडी को समायोजित करते हुए बिक्री मूल्य की पूरी राशि (टीडीएस की ओर 1% की कटौती के बाद) जमा करेगा। प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रस्ताव की स्वीकृति के 15 कार्य दिवसों के भीतर या प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उपयुक्त समझे जाने वाले ऐसे अन्य विस्तारित समय के भीतर, जिसके गिरने पर बयाना राशि जब्त कर ली जाएगी।
16. नगरपालिका/पंचायत कर, बिजली देय (यदि कोई हो) और किसी अन्य प्राधिकरण देय राशि (यदि कोई हो) का भुगतान सफल बोलीदाता द्वारा बिक्री प्रमाण पत्र जारी करने से पहले किया जाना है। संपत्ति से संबंधित सभी वैधानिक देय राशि को ध्यान में रखते हुए बोलियां लगाई जाएंगी।
17. सफल बोलीदाता के पक्ष में प्राधिकृत अधिकारी द्वारा बिक्री प्रमाण पत्र केवल संपूर्ण खरीद मूल्य / बोली राशि जमा करने और सभी करों / शुल्कों के भुगतान के संबंध में आवश्यक प्रमाण प्रस्तुत करने पर जारी किया जाएगा।
18. कानूनी शुल्क, स्टांप ड्यूटी, पंजीकरण शुल्क और किसी भी प्रकार के अन्य आकस्मिक प्रभार नीलामी खरीदार द्वारा वहन किया जाएगा।
19. प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही को स्थगित/रद्द कर सकता है। यदि निर्धारित ई-नीलामी बिक्री को बिक्री की निर्धारित तिथि से 30 दिन पहले बाद की तारीख में स्थगित कर दिया जाता है, तो इसे सेवा प्रदाता की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा।
20. अधिकृत अधिकारी का निर्णय अंतिम, बाध्यकारी और निर्विवाद है।
21. बोली प्रस्तुत करने वाले सभी बोलीदाताओं को ई-नीलामी बिक्री के नियमों और शर्तों को पढ़ और समझ लिया गया माना जाएगा और वे उनके द्वारा बाध्य होंगे।
22. अधिक जानकारी और प्रश्नों के लिए, प्राधिकृत अधिकारी **श्री आनंद कुमार मिश्रा, मो. नं. 8318834940** से संपर्क करें।
23. यह प्रकाशन प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के अनुसार उक्त ऋण खाते के ऋणी/बंधक/गारंटरों को उपरोक्त पर नीलामी बिक्री आयोजित करने के बारे में 30 दिनों का नोटिस भी है। –उल्लिखित तिथि/स्थान

स्थान : आगरा
दिनांक **01-03-2024**

प्राधिकृत अधिकारी,
हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

विशेष निर्देश/सावधानीः अंतिम मिनट/सेकंड में बोली लगाने वालों को अपने हित में बोली लगाने से बचना चाहिए। ऐसे मामलों में बोलीदाता की ओर से किसी भी चूक/विफलता (इंटरनेट विफलता, बिजली की विफलता, आदि) के लिए न तो हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड और न ही सेवा प्रदाता जिम्मेदार होगा। ऐसी आकस्मिक स्थिति से बचने के लिए, बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे सभी आवश्यक व्यवस्था/विकल्प जैसे बैक-अप बिजली की आपूर्ति और जो कुछ भी आवश्यक हो, ताकि वे ऐसी स्थिति से बचने में सक्षम हों और नीलामी में सफलतापूर्वक भाग ले सकें।

कार्यालय जलकल विभाग नगर निगम, फिरोजाबाद

पत्रांक-1998/जलकल/ई-निविदा सूचना/2023-24 दिनांक-01.03.2024

-: ई-निविदा सूचना:-

नगर निगम फिरोजाबाद के जलकल विभाग द्वारा 15 वें वित्त आयोग (ज्पमक ळतंदज) के अन्तर्गत 25 कार्यों हेतु पंजीकृत/अपंजीकृत (सशर्त) अनुभवी फर्मों से ई-निविदा की अधिकृत वेबसाइट www.etender.up.nic.in पोर्टल के माध्यम से डबल बिड (तकनीकी एवं वित्तीय) में ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। यह निविदायें दिनांक 03.03.2024 से डाउनलोड किये जा सकेगी तथा दिनांक 17.03.2024 की अपरान्ह 2.00 बजे तक निविदायें उपरोक्त वेबसाइट पर अपलोड की जायेगी। तत्पश्पचात प्राप्त निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 17.03.2024 की सायं 4.00 बजे महाप्रबंधक कार्यालय में खोली जायेगी।

क्र.सं.	विवरण	तिथि व समय
1	ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय	03.03.2024, 09.00AM
2	ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय	03.03.2024, 09.00AM
3	ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय	17.03.2024, 02.00PM
4	तकनीकी निविदा खोली जाने की तिथि/समय	17.03.2024, 04.00PM

नोट- शेष नियम व शर्तें ई-निविदा अधिकृत वेबसाइट www.etender.up.nic.in पोर्टल पर देखी जा सकेगी।

(रामबाबू राजपूत)
महाप्रबंधक (जल)
नगर निगम, फिरोजाबाद